**जवाब मांगा** | हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

# मोजर बेयर कंपनी ने किया सरकारी व वन्य भूमि का कब्जा



**जबलपुर।** अनूपपुर जिले के जैतहरी तहसील स्थित मोजर बेयर पावर लिमिटेड कंपनी के द्वारा सरकारी व वन विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा किये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेष करने के आदेश जारी किये है।

यूनियन यूनाइटेड की ठेकेदार मजदूर यूनियन सीटू के महासचिव साहस राम चर्मकार की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि अनूपपुर के जैतहरी तहसील में मोजर बेयर पावर लिमिटेड कंपनी स्थापित है। कंपनी ने राजस्व तथा वन विभाग की 56 एकड़ भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। कंपनी ने बाउंड्री बॉल बनाकर उक्त जमीन को अपने कैम्पस में शामिल कर लिया है। कंपनी के द्वारा राजस्व भूमि तथा वन भूमि पर अवैध कब्जा किया की शिकायत संबंधित अधिकारियों से करने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की गयी। जिसके कारण उक्त याचिका दायर की गयी है।

याचिका में प्रमुख सचिव राजस्व विभाग, पीसीसीएफ तथा डीएफओ अनूपपुर, कलेक्टर व एसडीएम राजस्व सहित मोजर बेयर कंपनी सहित अन्य को अनावेदक बनाया गया था। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता अंजना कुररिया ने पक्ष प्रस्तुत किया।

### सरकार पर दस हजार का जुर्माना

मप्र हाईकोर्ट ने आरक्षण से जुड़े एक मामले में अस्पष्ट जवाब पेश करने पर सरकार पर 10 हजार रुपए की कॉस्ट लगाई। यह राशि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के खाते में जमा कराने कहा गया है। ऐसा नहीं होने पर सरकार का अतिरिक्त जवाब स्वीकार नहीं किया जाएगा। जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने सरकार को दो सप्ताह के भीतर स्पष्ट हलफनामा पेश करने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 27 अक्टूबर को निर्धारित की है। यह मामला दमोह निवासी सुरेन्द्र यादव की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह व पुष्पेन्द्र शाह ने पक्ष रखा। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा 2020 में आरक्षण कानून के विरुद्ध नियुक्तियां जारी करने को चुनौती दी गई है।

# माह खत्म होने में बचे सिर्फ 6 दिन, वेतन को अभी भी मोहताज ठेका कर्मचारी

▶ **नगर निगम में करीब 450 से अधिक कर्मचारी दे रहे हैं सेवाएं**



**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर में विभिन्न विभागों में करीब 450 से अधिक आउससोर्स कर्मचारी बीते 12 सालों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, इनमें से तो कई ऐसे हैं जो वरिष्ठ की श्रेणी में भी आ चुके हैं और अपने-अपने विभागों के प्रमुख कामों को कर रहे हैं। उधर शासकीय योजनाएं भी इन्हीं के काम पर अधिकांशत: निर्भर रहतीं हैं। बावजूद इसके बुधवार 24 सितंबर आ चुकी है और इन आउट सोर्स कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं किया गया है। जिससे वे काफी हताश हैं। जानकारी के अनुसार इसी महीने शासन से एक घोषणा हुई थी जिसमें हर हाल में आउटसोर्स कर्मचारियों का वेतन भुगतान 7 तारीख तक किए जाने की बात कहीं गई थी। लेकिन हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। पीड़ित ठेका कर्मियों का कहना तो ये भी है जब वे वेतन के संबंध में जिम्मेदार अधिकारी के पास जाते हैं तो उनका कहना होता है कि फाइल आगे बढ़ा दी गई है जल्द वेतन भुगतान कर दिया जाएगा। मतलब साफ है कि इन आउट सोर्स कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए कोई जिम्मेदार फिलहाल तो नहीं दिखाई दे रहा है जबकि नगर निगम के कर्मचारी संगठन अपने आंदोलनों में इनकी हिस्सेदारी दिखाने कभी-कभी इनके हित की बातें तो करते हैं लेकिन आज तक इन्हें वे एक भी लाभ नहीं दिलवा पाए हैं।

### पीड़ित कर्मचारी जुटे आंदोलन की तैयारी में

जानकारी के अनुसार नगर निगम के लगभग हर विभाग में सरकारी कर्मचारियों की कमी है, नई भर्तियां भी कई सालों से नहीं हुई हैं जिस कमी को पूरा करने के लिए आउटसोर्स कर्मचारियों से पूरा काम लिया जा रहा है। लेकिन जब वेतन की बात होती है तो कोई भी जिम्मेदार सामने आने से बचता नजर आता है। ऐसे में निगम के आउटसोर्स कर्मचारी अपने आप को ठगा सा महसूस करने लगे हैं। खबर है कि आगामी दिनों में समय पर वेतन मिलने की मांग को लेकर आउटसोर्स कर्मचारियों का समूह एक बड़े आंदोलन की तैयारियों में भी जुटा है।

## पुत्र को गोली मारने वाला पिता गया जेल

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र में संपत्ति विवाद पर पुत्र का गोली मारने वाले पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। टीआई नीलेश दोहरे ने बताया कि आकाश पटेल पिता हेमचंद पटेल 26 वर्ष निवासी शिवधाम नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पिता हेमचंद पटेल के साथ जमीन को लेकर प्रकरण न्यायालय मे चल रहा है । पिता हेमचंद पटेल जमीन का केश वापस लेने के लिए दबाव बनाने लगे। सोतेली मां ने पिता हेमचंद पटेल से बोला कि इस जान से मार दो, तो पिता ने बंदूक से गोली मारी जो इसके दाहिने हाथ में लगी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपित हेमचंद पटेल पिता स्व इमरत लाल पटेल 57 वर्ष निवासी ग्राम कचनारी ग्रीन वैली स्कूल को गिरफ्तार कर लिया।

## अज्ञात वाहन ने कुचला, युवक की मौत

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत महाराजपुर पेट्रोल पम्प के सामने बीती रात अज्ञात वाहन ने एक युवक को कुचल दिया हादसे में युवक की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण रहा कि युवक का सिर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया जिसके चलते उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है। पुलिस ने बताया कि रात्रि करीबन 01.40 बजे सूचना मिली की महाराजपुर पेट्रोल पम्प के सामने रोड़ किनारे एक अज्ञात व्यक्ति उम्र करीब 30 से 40 वर्ष को कोई अज्ञात वाहन टक्कर मारकर उसके सिर मे चोट पहुँचाया है उसका सिर पिचक गया है उसकी मौत हो गई है कि सूचना पर पुलिस पहुंची देखा वहा रोड़ किनारे एक अज्ञात व्यक्ति जिसका सिर कुचला हुआ था किसी अज्ञात वाहन के टक्कर लगने से कुचला हुआ था वह व्यक्ति की मौत हो चुकी थी शव को मेडिकल कालेज भेजा गया जिसे शिनाख्तगी के लिए मर्चुरी में रखा गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# ओडीसी बॉक्स को कार ने उड़ाया, सदर में पुलिस की तीसरी आंख हुई बंद

**18 लाख की क्षति, रेडियो उप निरीक्षक ने कैंट थाने में दर्ज कराई एफआईआर**




**जबलपुर।** कैंट थाना अंतर्गत चार नंबर पुल सदर में एक कार ने शासकीय सीसीटीव्ही ओडीसी बॉक्स को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया जिसके चलते अपराधों पर नकेल कसने के साथ अपराधियों की धरपकड़, चालानी कार्यवाही में अहम भूमिका निभाने यहां लगे पुलिस की तीसरी आंख कहे जाने वाले सीसीटीव्ही कैमरे बंद हो गए। इस घटना से 18 लाख रूपए का नुकसान हुआ है। रेडियो उप निरीक्षक ने कैंट थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई हैं।

जानकारी के मुताबिक चार नंबर पुल सदर के पास शासकीय सीसीटीव्ही ओडीसी बाक्स को अज्ञात वाहन व्दारा टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इसकी जानकारी 18 सितम्बर को उस वक्त लगी जब सुबह 10 बजे सीसीटीव्ही कैमरों की मनिटरिंग रूम में कैरों को चैक किया जा रहा था तो चौथ पुल सदर के सीसीटीव्ही कैमरे बंद पाये गए। इसके बाद रेडियो में पदस्थ उप निरीक्षक इरेनियुस एक्का, उनि अमोल किरण कुजूर एवं आरक्षक राहुल सोनी द्वारा मौके पर जाकर जांच की गई तो उक्त लोकेशन पर लगे सीसीटीव्ही कैमरे के ओडीसी को किसी अज्ञात वाहन द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। जिसके चलते कैमरे बंद हुए। उप निरीक्षक इरेनियुस एक्का ने 22 को कैंट थाने में आवेदन प्रस्तुत किया। 23 सितम्बर की रात में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 281,324(4) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### बैक डाटा में दिखी कार

रेडियो टीम ने बैक डेटा से कैमरे किए तो अज्ञात कार कैमरे के ओडीसी को क्षतिग्रस्त कर भागते हुए नजर आ रही है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने के साथ कार चालक की पतासाजी में जुट गई है।

### ये हुआ नुकसान

इस घटना से चौथ पुल सदर में लगे ओडीसी बॉक्स के क्षतिग्रस्त होने से कैट 6 केबल लगभग 300 मीटर, पावर केबल 10 मीटर, 3 फिक्स कैमरे, 3 अडप्टर क्षतिग्रस्त हुए है जिसकी की कुल कीमत लगभग 1,80,0000 है।


Swastik Grand Ph.III
(2/3 BHK Flats)
नवरात्रि उत्सव के अवसर पर 2 Lac तक का डिस्काउण्ट
Only Few Flats available for sale
209 Units sold out
& Possession handedover

- Construction under full swing.
- Project infront of 80 feet wide (4 lane) sanctioned road.
RERA Registration No. P-JBP-22-3777
These facilities are already exists in our Project
Open Children's Play Area | Swimming Pool | Gymnasium | Party Lawn | Pool Table
24 hrs Power Backup in common Areas | CCTV in common areas | 24 Hours Security | Jogging Track | Club House
Dhanvantri Nagar, Jabalpur (M.P.)
98931-49528, 95223-99973



2/3 BHK FLATS
श्री राधाकृष्ण परिसर रांझी, जबलपुर
नये जमाने की प्रॉपर्टी, नई सुविधाओं के साथ...
नवरात्रि के शुभ अवसर पर 2 लाख तक का आकर्षक डिस्काउंट

RERA Registration No. P-JBP-24-5264
बुकिंग प्रारंभ
मेन रोड, पुलिस स्टेशन के पास, रांझी जबलपुर
9993808569, 9522399971
Common Area Facilities
❒ Entry Gate One Lift in Each Tower, ❒ CCTV in common Areas
❒ Sewage Treatment Plant ❒ Boundary wall secured Campus
❒ Electricity supply through transformer
❒ D.G. Set for Electricity backup in Common Areas & Lift





नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
स्वदेशी अपनाएं आत्मनिर्भर भारत बनाएं
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान

पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के अवसर पर
राज्य स्तरीय
स्वदेशी जागरण सप्ताह
25 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025
शुभारंभ
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
25 सितम्बर, 2025 | पूर्वाह्न 10:00 बजे | रवीन्द्र भवन, भोपाल
स्वदेशी वस्तुएं हमारी राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक हैं। स्वदेशी उत्पादों का उपयोग हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा।
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
स्वदेशी ही खरीदें
स्थानीय कारीगरों, उद्योगों और उत्पादों को बढ़ावा दें।
D-11112/25
सीधा प्रसारण | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57